तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 भगवान कृष्णा ने दिलाई मथुरा वासियों को कंश के अत्याचार से मुक्ति : आचार्य मृदुलकान्त









## ऐसे हितग्राहियों के नाम पीएम आवास की सूची से हटेंगे

# कोई पलायन कर गया, किसी की मौत हो गई ऐसे लोगों के आवास पांच साल में नहीं हो सके तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते पांच साल में जिले के पांचों जनपद पंचायतों में शुरु नहीं होने वाले और अधूरे पड़े पीएम आवास

**खास बात**

- पांचों जनपद में 2 हजार 786 आवास हैं अपूर्ण


फाइल फोटो

के हितग्राहियों के नाम सूची से हटाए जाएंगे। ऐसे आवासों के हितग्राही या तो स्थायी रुप से पलायन कर गए हैं या फिर किसी की मृत हो गई है और उसका कोई उत्तराधिकारी नहीं है। जिला पंचायत से सभी जनपद पंचायतों को पत्र भेजकर आवासों की रिपोर्ट मांगी गई थी जिसमें यह जानकारी सामने आई है। जिसमें 2 हजार 786 आवास अपूर्ण हैं।

केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास के निर्माण को लेकर जिला पंचायत के द्वारा मैदानी स्तर से रिपोर्ट मंगाई जा रही है। इसके लिए सभी जनपद पंचायत के सीईओ को पत्र जारी कर वर्ष 2016-17 से लेकर वर्ष 2022-23 तक स्वीकृत पीएम आवास में अपूर्ण आवास और शुरु नहीं होने वाले आवासों की पूरी जानकारी मांगी गई थी जिसके आधार पर जनपद पंचायतों के द्वारा जिला पंचायत को अपने अपने क्षेत्र में पीएम आवास की स्वीकृति संख्या और उसकी भौतिक स्थिति की जानकारी मांगी गई है। उक्त जानकारी के आधार पर अकेले जनपद पंचायत कोरबा में ही 966 आवास अपूर्ण हैं। इन आवासों के हितग्राहियों में अधिकांश की मृत हो गई है या स्थायी रुप से पलायन कर गए हैं। जो अब तक पूर्ण नहीं हो सके और उनके नाम अभी भी जिला प्रशासन की पीएम आवास की सूची में दर्ज बताये जा रहे हैं। इससे अपूर्ण आवासों की सूची लंबी होते जा रही है। ऐसे आवासों के हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करने के लिए प्रशासन स्तर पर तैयारी हो गई है और इसके लिए जनपद पंचायतों को पत्र भी जारी किया गया है।

### पूर्ण नहीं हो सकने वाले आवास

| | |
|---|---|
| करतला | 262 |
| कटघोरा | 237 |
| कोरबा | 966 |
| पाली | 568 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 733 |
| योग | 2786 |

### स्वीकृत राशि की वसूली पर खड़े हो रहे सवाल

पीएम आवास के लिए हितग्राहियों के लिए स्वीकृत राशि को अधिकांश हितग्राहियों ने तीनों किश्त की राशि निकाल ली गई है और आवास या तो अधूरे हैं या उनका निर्माण ही शुरु नहीं हुआ है। जनपद पंचायत कोरबा में ही 966 आवास अपूर्ण बताये गए हैं। जिनके लिए राशि जारी हो गई है और ऐसे हितग्राहियों से सरकारी राशि की वसूली करना कठिन हो गया है। जिला पंचायत से जारी पत्र के जवाब में जनपद पंचायतों में भी हितग्राहियों से राशि की वसूली किए जाने को लेकर जो जवाब दिया है उसके तहत स्वीकृत राशि की वसूली मुश्किल हो गई है।

### जिला पंचायत ने पात्रता प्रमाण पत्र मांगा हितग्राहियों से

जिला पंचायत ने ऐसे हितग्राहियों से जिनके आवास अधूरे पड़े हैं उनसे पात्रता पूर्न निर्धारण हेतु प्रमाण पत्र मांगा है। जो जिला पंचायत या जनपद पंचायत के अपीलीय समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं या दावा आपत्ति के लिए अपने आवेदन 5 सितंबर तक जिला पंचायत को भेज सकते हैं।

# करंट की चपेट में आने से ठेका कर्मी की मौत, जांच में जुटी पुलिस


घटना स्थल जहां जहां ठेकाकर्मी की मौत हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा बस्ती धरमपुर में विद्युत सुधार कार्य के दौरान एक ठेका कर्मी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे ठेका कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के पीछे सुरक्षा में बरती गई लापरवाही को वजह माना जा रहा है। आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर शव रखकर मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्य में जुट गई है।

**खास बात**

- गेवरा बस्ती धरमपुर का मामला, हादसे के पीछे सुरक्षा में लापरवाही को मानी जा रही वजह

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह सतीश अग्रवाल नामक लाइनमैन चलती हुई विद्युत लाइन पर तार दुरुस्त करने के लिए चढ़ा हुआ था। कार्य के दौरान अचानक वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि सतीश मौके पर ही गिर गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक के परिवारजन सड़क पर मृतक के शव को रखकर जाम कर मुवाजे की मांग कर रहे हैं। हालांकि विद्युत वितरण कंपनी व ठेका कंपनी द्वारा अब तक मृतक ठेका ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में प्रवेश की बढ़ाई गई तिथि

**हरदीबाजार।** महाविद्यालय हरदीबाजार में बीए, बीएससी, बीकाम, एमए, एमएससी, एमकाम प्रथम सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए के रिक्त सीटों पर प्रवेश लेने हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 5 सितंबर तक प्रवेश तिथि में वृद्धि की गयी है।

### तीन दिनों तक रायपुर गेवरारोड मेमू रहेगी रद्द

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा अधोसंरचना विकास के तहत उरगा-कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन के मध्य 12.63 किलोमीटर लंबी कोरबा बायपास लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस नई द्वि-दिशात्मक लाइन की कनेक्टिविटी हेतु कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन में 30 एवं 31 अगस्त 2025 को एनआई का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण 30 एवं 31 अगस्त 2025 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू कोरबा स्टेशन में समाप्त होगी तथा कोरबा-गेवरारोड के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 30 एवं 31 अगस्त 2025 को गेवरारोड से चलने वाली गाड़ी संख्या 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू कोरबा स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गेवरारोड-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी 30 एवं 31 अगस्त 2025 को रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू कोरबा स्टेशन में समाप्त होगी तथा कोरबा-गेवरारोड के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर 2025 को गेवरारोड से चलने वाली गाड़ी संख्या 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू कोरबा स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गेवरारोड-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में मना किसान दिवस

**कोरबा।** भगवान बलराम जयंती एवं किसान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र कटघोरा परिसर में किया गया। कार्यक्रम में कृषक को प्राकृतिक खेती के महत्व एवं उनके द्वारा समन्वित खेती उपचार प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरकता को कैसे बढ़ाये एवं सूक्ष्म जीवों को मृदा में संचारण से कैसे पौधो में बदलाव एवं सुधार हो सकते है। आदि की जानकारी कार्यशाला में कृषकों को बताया गया। किसानों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, अमृतपानी आदि को कैसे बनाये एवं फसलों पर प्रयोग आदि की जानकारी कार्यशाला में दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. एसएस पोर्ते कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कटघोरा, उपसंचालक कृषि डीपीएस कंवर, भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला अध्यक्ष तारा सिंह कंवर, मणीलाल हलवाई (महामंत्री) एवं कौशिक प्रसाद (कोषाध्यक्ष) कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। अध्यक्षता डॉ. एसपी सिंह कार्यालय प्रमुख वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख की अध्यक्षता में समस्त कृषि विज्ञान केन्द्र के तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारी के माध्यम से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# कर्ज में डूबे मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्ज में डूबे एक मजदूर ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। काम नहीं मिलने परेशान होकर वह अक्सर शराब पीकर पत्नी से मारपीट करता था। शुक्रवार की शाम उसने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र का है। रामधन केवट 50 वर्ष अपनी पत्नी, दो बेटियों और एक बेटे के साथ निवासरत था। रामधन रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पिछले कुछ महीनों से उसे काम नहीं मिल रहा था। जिसकी वजह से वह परेशान था और शराब का आदी हो गया था। शराब पीकर वह अक्सर घर में गाली-गलौज और मारपीट करता था। दो दिन पहले उसने पड़ोसी से 3 हजार रुपए उधार लिए थे। उसने कहा था कि काम के लिए बाहर जा रहा हैं और लौटकर पैसे वापस कर देगा, लेकिन वह काम पर नहीं गया। शुक्रवार की शाम को परिवार के सदस्य पड़ोस में गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए गए थे। रामधन घर पर अकेले था। जब परिवार वापस लौटा तो उसने रामधन को फांसी के फंदे पर लटकते पाया। रजगामार चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार, सब इंजीनियर को निगम आयुक्त ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर नगर निगम के उपअभियंता छबिलाल उराव को जनप्रतिनिधियो से दुर्व्यवहार करने व शालीनता से परे होकर बात करने, कार्य मे लापरवाही करने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। नगर निगम के विद्युत विभाग में कार्यरत उप अभियंता छबिलाल उरांव से वार्ड के पार्षद के द्वारा विद्युत संबंधी शिकायत किए जाने पर उनके द्वारा पार्षद से दुर्व्यवहार किया गया एवं शालीनता से परे होकर बात की गई। साथ ही उप अभियंता उराव द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर भी उसका निराकरण न कर अपने कार्य के प्रति उदासीनता बरती गई। इसकी शिकायत आयुक्त पांडेय को प्राप्त हुई, उन्होंने उक्त अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी किया, किंतु संतोष जनक जवाब न दिए जाने पर तत्काल प्रभाव से उप अभियंता श्री उराव को निलंबित कर दिया। आयुक्त श्री पांडेय ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को कड़ी हिदायत दी है कि जनप्रतिनिधियों, पार्षदों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करें तथा उनके द्वारा बताई गई। समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण कराए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री पांडे के द्वारा नियमित रूप से वार्ड एवं बस्तियों का भ्रमण किया जा रहा है, अपने भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पांडे ने यह पाया था की दिन को भी स्ट्रीट लाइट जल रही हैं। ऊर्जा का अपव्यय हो रहा है तथा निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है, उन्होंने इस संबंध में उक्त अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था, साथ ही फील्ड भ्रमण के दौरान यह भी शिकायत मिली थी कि उक्त अभियंता प्राय अपनी ड्यूटी से नदारत रहते हैं तथा उनके द्वारा अपने कर्तव्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है, इन्हीं सब शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए उक्त अभियंता को आज निलंबित कर दिया गया।

### दुर्व्यवहार व कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि निगम के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार एवं कार्य के प्रति उदासीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस भी अधिकारी कर्मचारी के द्वारा इस प्रकार का व्यवहार किया जाएगा कार्य में उदासीनता बरती जाएगी। उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित होगी, अतः निगन के अधिकारी कर्मचारी यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कर लें कि पार्षदों, जनप्रतिनिधियों के साथ उचित व सम्मानजनक व्यवहार करें, उनके द्वारा प्रदत्त शिकायतों व समस्याओं का यथासंभव त्वरित निराकरण कराए तथा अपने दायित्व के प्रति सजग रहे।

# रेत चोरों को नहीं किसी का डर अहिरन नदी से खुलेआम उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कहने को तो शासन द्वारा रेत घाटों को बंद कर दिया गया है, पर बांकीमोंगरा क्षेत्र में रेत तस्करी का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। रेत तस्कर खुलेआम अहिरन नदी का सीना छलनी कर रोजाना 100 से अधिक ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन कर ढुलाई कर रहे हैं। हालात यह हैं कि रेत चोर खुलेआम डंके की चोट पर खनिज विभाग और पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक स्थानीय भाजपा नेता भी इस अवैध कारोबार में संलिप्त है। जानकारी के मुताबिक अहिरन नदी से निकाली जा रही रेत बाकी मोंगरा, कटघोरा, दीपका और कुसमुंडा होते हुए सीधे बाजार में 25सौ से 3 हजार प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से बेची जा रही है। शहरी क्षेत्र से होकर बहने वाली नदियां और नाले तक रेत माफियाओं के निशाने पर हैं। नपानि परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र के कुमगरी, सुमेधा, बल्गी, भैरवताल, छुराकछार, कुचेन, मडवाढोड़ा, कोराई, कसारंगा, ढपढप, घाना और कछार के पास से बहने वाली अहिरन नदी से दिनदहाड़े और रातभर डबल इंजन ट्रैक्टरों से रेत निकासी जारी है। इस अवैध कारोबार में कई छोटे-बड़े ठेकेदार और सप्लायर शामिल बताए जा रहे हैं। जो सत्ता की आड़ में खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि रेत चोरी के इस कारोबार को जिले के खनिज विभाग और क्षेत्र की पुलिस का संरक्षण प्राप्त है और खुलेआम रेत चोरी हो रही है और शासन को राजस्व हानि के साथ-साथ नदी का अस्तित्व भी खतरे में है।

**खास बात**

- बांकीमोंगरा क्षेत्र में फलफूल रहा अवैध रेत का कारोबार।


नदी से रेत का अवैध उत्खन्न करते रेत तस्कर।

### की जा रही कार्रवाई

अहिरन नदी में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक सप्ताह के भीतर कुल पांच गाड़ियों को जप्त किया गया है। शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करती है। जिले में लगातार अवध उत्खनन परिवहन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है।

-प्रमोद कुमार नायक,
उप संचालक, खनिज

### पत्नी के रहते प्रेमिका को घर ले आया पति, मामला दर्ज

**कोरबा।** पत्नी के रहते पति ने किसी गैर से नजदीकी बढ़ा ली। उसने प्रेमिका के चलते पत्नी को प्रताड़ति करना शुरू कर दिया। वह शादी के 3 साल बाद पत्नी पर 5 लाख रूपए लाने के दबाव बनाने लगा। उसके इस कृत्य में सास व ननद भी साथ देने लगी। इसे पीड़ति बर्दाश्त नहीं कर सकी। उसने न्याय के लिए परिवार परामर्श केंद्र का सहारा लिया, लेकिन बात नहीं बनीं तो आखिरकार पीड़ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। बालको थाना क्षेत्र में विवाहिता अपने एक वर्षीय पुत्र के साथ निवास करती है। उसने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके मुताबिक पीड़ति का विवाह वर्ष 2019 में सिविल लाइन थानांतर्गत आरपी नगर फेस 2 निवासी राहुल सिंह बुंदेला से हुआ था। पति पत्नी के बीच 3 साल तक सबकुछ ठीक चल रहा था। वर्ष 2022 में पति किसी और महिला के संपर्क में आया। इसके बाद उसने पत्नी को प्रताड़ति करना शुरू कर दिया। वह सास ससुर द्वारा कम दहेज देने की बात पर उलाहना देने लगा। प्रताड़ना का दौर वर्ष 2024 में ससुर की मौत के बाद बढ़ गया। राहुल ने पत्नी को 5 लाख रूपए, लाने दबाव बनाना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी विवाहिता ने परिजनों को दी। उन्होंने राहुल को समझाइश देने का प्रयास भी किया, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। हद तो तब हो गई, जब पिता की मौत के तीन माह बाद राहुल प्रेमिका को घर ले आया।



## खबर संक्षेप



### एसईसीएल मुख्यालय के 7 कर्मियों को विदाई दी गई

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 7 कर्मियों को एसईसीएल मुख्यालय में शनिवार को शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी संचालन एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्रा, सीवीओ हिमांशु जैन, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रम्संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में विनय कुमार सूद महाप्रबंधक (सिविल), डा.श्रीमती प्रतिभा पाठक मुख्य चिकित्सा सेवाएँ, बसंत कुमार कुर्रे महाप्रबंधक (उत्खनन), कृष्ण कान्त मुखर्जी महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), सुलभ सिंह बघेल वरिष्ठ प्रबंधक वि.याँ. नगर प्रशासन विभाग, विकास चन्द्र दास लेखापाल ए 1 वित्त विभाग, विलास उपासने सहायक फोरमेन परिवहन विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।

### हरदीबाजार बस स्टैंड में मां दुर्गा पंडाल का किया गया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार 17वां वर्ष बस स्टैंड में दुर्गा उत्सव किये जाने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। जिसके फलस्वरूप शुक्रवार को सुबह बस स्टैंड में दुर्गा पंडाल में आकर्षक पंडाल निर्माण के लिए समिति के सदस्यों के द्वारा भूमिपूजन किया गया। हरदीबाजार बस स्टैंड का यह दुर्गा पंडाल हरदीबाजार सहित समूचे ग्रामीण क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहता है। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन करने के लिए आते हैं समिति के द्वारा बस स्टैंड में लगातार सत्रवें वर्ष दुर्गा माता की पूजा की तैयारी के लिए भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है नवरात्रि के नौ दिनों तक बस स्टैंड दुर्गा पंडाल पर अलग-अलग आयोजन किया जाता है इस अवसर पर आचार्य महाराज हीरालाल पांडे, समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, सुरेंद्र राठौर,पंकज धुरवा, तरुण डिक्सेना, बजरंग यादव, दुर्गेश डिक्सेना, सुर्या यादव, नरेंद्र अहीर, विक्की यादव, नितेश जायसवाल, रतन रजक,चंदराम यादव के अलावा समिति के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### धुएं से मुक्ति और आहार से बच्चों को मिल रही शक्ति



**कोरबा।** जिले में संचालित आंगनबाड़ी और प्राइमरी तथा मिडिल स्कूलों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी अब पहले से बहुत खुश है। समय पर स्कूल तथा आंगनबाड़ी खुलने के साथ यहां मिलने वाले नाश्ते खीर, पूड़ी, हलवा, खिचड़ी, पोहा, भजिया और सेवईयां और भोजन से उन्हें ऊर्जा मिल रही है, वहीं गैस सिलेण्डर की व्यवस्था से आंगनबाड़ी सहित स्कूलों में भोजन पकाने के दौरान उत्पन्न होने वाले धुएं से भी मुक्ति मिल गई है। इससे विद्यार्थियों से लेकर रसोईयों तक को राहत मिली है। जिले के 2 हजार 602 आंगनबाड़ी में 6 माह से 3 वर्ष के 48 हजार 217 और 3 से 06 वर्ष के 56 हजार 477 बच्चे दर्ज है। इसी तरह एक हजार 502 प्राइमरी स्कूल के 73 हजार 810 और 537 मिडिल स्कूल के 47 हजार 122 विद्यार्थी है।

### जांच दल ने कार्रवाई न कर समझौता कराकर मामले का किया पटाक्षेप

**हरदीबाजार।** कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम छिंदपुर भाजयुमो जिला कार्यसमिति के सदस्य कृष्णानंद राठौर ने शासकीय मिडिल स्कूल छिंदपुर के प्रभारी प्रधानपाठक सागर टंडन एवं उमाशंकर पाटले भृत्य के पद पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय छिन्दपुर में कार्यरत है। जिनकी कार्यशैली विद्यालयहित में न होने व मनमानीपूर्ण स्कूल का संचालन करने व स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण नहीं करने, पढ़ाई न कराकर बच्चों से साफ-सफाई करवाने की शिकायत उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन सहित कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से की है। जिसे विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए। जांच टीम शुक्रवार को ग्राम छिंदपुर भेजी थी। जिसमें मुढ़ाली के प्राचार्य गजानंद दुबे, गेवरा हाई स्कूल के प्राचार्य गोपाल सिंह कंवर ने उचित जांच न कर ग्राम सरपंच, शाला विकास समिति अध्यक्ष व गांव के प्रमुखों के साथ बैठक कर शिकायतकर्ता भाजयुमो जिला कार्यसमिति के सदस्य कृष्णानंद राठौर, हेडमास्टर एवं भृत्य के साथ आपसी समझौता कराकर मामला का पटाक्षेप करने की बात कही है।

### निगम की मेयर इन काउंसिल ने सर्वसम्मति से लिया ऐतिहासिक निर्णय

# निगम कराएगा 3 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा दशहरा पर्व के दौरान 3 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। निगम की मेयर इन काउंसिल ने इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए इसके लिए गठित समिति की देखरेख में आयोजन को भव्यतम स्वरूप दिए जाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही सम्पन्न मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर के विकास व विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुडे. कार्यो से संबंधित प्रस्तावों को भी एम.आई.सी.द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर निगम सभाकक्ष में शुक्रवार को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशिष्ट उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत की पहल पर 3 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला एवं उनके द्वारा स्थापित आदर्श सर्वकालिक एवं सार्वभौमिक हैं, उनके द्वारा समाज के सामने रखें गए आदर्श आज भी उतने ही प्रासांगिक हैं, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला पर आधारित रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन हमारे लिए गर्व का विषय है।



बैठक लेते महापौर एवं निगम आयुक्त।

#### इन प्रस्तावों पर लिया गया निर्णय

बैठक में वार्ड क्र. 12 में मिनी गार्डन निर्माण व सौदर्यीकरण, बुधिया पेट्रोल पम्प से गांधी चौक तक आरसीसी नाली निर्माण, अधोसंरचना मद अंतर्गत तैयार की गई कार्ययोजना का अनुमोदन, निगम के रिक्त भवनों के संचालन, विभिन्न वार्डो में प्रकाश व्यवस्था, वार्ड क्र. 39 में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 38 लालघाट में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 17 ढोढ़ीपारा में सांस्कृतिक मंच व अन्य कार्य, 20 एमएलडी टीटीपी निर्माण, पैनल लॉयर की नियुक्ति, निगम के साफ-सफाई कार्य, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राताखार चौक से नहरपुल तक सीसी रोड निर्माण, सालिड वेस्ट मेनेजमेंट की विस्तृत परियोजना, विभिन्न जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, निगम के विभिन्न स्थलों में निर्मित हाल के आबंटन, दूरसंचार कम्पनियों द्वारा बिछाए गए भूमिगत केबल पर करारोपण, उद्यानिकी कार्य के लिए श्रमिक प्रदाय हेतु वार्षिक दर निर्धारण, विभिन्न वार्डो में साफ-सफाई कार्य हेतु प्राप्त निविदा दरों की स्वीकृति, सालिड वेस्ट मेनेजमेंट अंतर्गत कन्सलटेंट की नियुक्ति सहित अन्य विभिन्न प्रस्ताव एमआईसी के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

#### यूपीएससी मेन्स उत्तीर्ण करने वालों को मिलेगा एक लाख

संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीद्वारों को प्रोत्साहन स्वरूप 01 लाख रूपये महापौर सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे, राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप आज इस संबंध में मेयर इन काउंसिल द्वारा इस आशय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पूर्व क्रिकेट प्रतियोगिता



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया जा गया है। जिसमें 30 अगस्त को श्रीअग्रसेन कन्या महाविद्यालय में फलड लाईट टर्फ क्रिकेट प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिसमें आठ टीम ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने सभी अग्रबन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि वे महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिता में अधिक अधिक भाग लें। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया दिनांक 31 अगस्त चॉकलेट रेस (वर्ग अ कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिका व वर्ग ब कक्षा 4 से 7 तक के बालक बालिका हेतु), कुर्सी दौड (वर्ग अ कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिका व वर्ग ब कक्षा 5 से 8 तक के बालक बालिका हेतु), वर्ग पहेली (12 वर्ष से उपर बालका एवं बालिका हेतु), शतरंज, लूडो, स्नैक लैडर गेम, हिट द गिलास, मटकी फोड प्रतियोगिता होगी सभी प्रतियोगिता श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में अयोजित होगी।

## श्वेता हॉस्पीटल रिस्दी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक बार फिर से श्वेता हॉस्पीटल रिस्दी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने को लेकर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। शिकायत करता पुनिराम कुर्रे ने आरोप लगाया है कि जिला मेडिकल अस्पताल में कार्यरत श्रीमती डॉ.मनियारो कुजूर जो कि चिकित्सक के पद पर पदस्थ हैं, जिसके द्वारा श्वेता हॉस्पीटल रिस्दी में संचालित किया जा रहा है। उक्त हॉस्पीटल में उनकी पत्नी निर्मला कुर्रे ग्राम बेदरकोना को प्रसव के दौरान भर्ती कराया गया था। जिसमें मनियारो कुजूर के द्वारा ऑपरेशन से उनकी पत्नी ने एक पुत्री को जन्म दिया, जन्म देने के बाद अचानक उनकी तबियत बिगड़ने लगी। इस दौरान हॉस्पीटल में एक भी जिम्मेदार चिकित्सक उपस्थित नहीं थे और न ही कोई अनुभवी नर्स उपस्थित थी। इस बीच कई बार डॉ.मनियारो कुजूर से संपर्क किया गया, लेकिन ईलाज के लिए कोई अनुभवि स्टॉफ नहीं आए, जिसके कारण उनकी पत्नी निर्मला की 2 जून को तबियत खराब हो जाने के कारण ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। डॉ.मनियारो कुजूर के द्वारा ईलाज के दौरान लापरवाही बरते जाने एवं जिम्मेदार डॉ.मनियारो कुजूर उपस्थित नहीं होने के कारण मेरी पत्नी जीवित नहीं है। उनका एक 3 वर्ष बच्ची के सिर से माँ का साया छिन लिया गया। उनके द्वारा मृत्यु की जानकारी चाही जाने पर आनन-फानन में शव उनके हाथ में सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम कराने की इच्छा रखने पर मुझे डरा-धमका का वापस भेज दिया गया। डर के कारण मेरे द्वारा किसी प्रकार का कोई शिकायत व पुलिस कार्यवाही नही किया गया। ग्राम पंचायत गोढ़ी निवासी अंजली सिंह की प्रसव के कुछ समय बाद मृत्यु हो गई जिसके विरोध में कि गई कार्यवाही को देखकर मेरा भी हौसला बुलंद हुआ है।

## धर्मांतरण हमारी संस्कृति पर चोट है, गणेशोत्सव देता है एकता और परंपरा की रक्षा का संदेश : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कवि सम्मेलन में शामिल हुए भाजयुमो जिला महामंत्री

राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1 कोसाबाड़ी के दशहरा मैदान स्थित गणेश पंडाल में युवा गणेश समिति द्वारा आयोजित गणेशोत्सव के कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में निर्विरोध पार्षद एवं भाजयुमो जिलामहामंत्री नरेंद्र देवांगन सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को संस्कृति पर सीधी चोट बताते हुए समाज को एकजुट होकर इसका विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय कवियों को सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गणेशोत्सव केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा का संकल्प भी है। उन्होंने प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे धर्मांतरण पर गंभीर चिंता व्यक्त की और उपस्थित नागरिकों व श्रोताओं से इस कुप्रथा का विरोध करने की अपील की। समाज को तोड़ने वाली ताक़तों के खिलाफ हम सबको मिलकर खड़ा होना होगा। संस्कृति की रक्षा ही सच्ची गणेश भक्ति और राष्ट्र सेवा है। कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ. अंजना सिंह (कोरबा), राष्ट्रीय कवि बंशीधर मिश्रा (अकलतरा), अमित शुक्ला (रीवा), विकास बैरागी (नरसिंहपुर), हिमांशु हिंद (इंदौर), अमित देवघरिया (बालको) और हीरामणि ने अपनी कविताओं से हास्य, व्यंग्य और जीवन-दर्शन का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनिल यादव, मुकुंद सिंह कंवर, कपूर चंद पटेल, प्यारेलाल साहू, भूपेंद्र साहू, कमलेश यादव, अखिलेश शुक्ला, वेद प्रकाश, गुलजार सिंह, रामकुमार त्रिपाठी, मनोज राठौर, छन्नू सिंह ठाकुर, किशोर शर्मा, घनश्याम ध्रुव, हिमांशु उपस्थित रहे।



मंच पर उपस्थित अतिथिगण।

## निगम क्षेत्र के इन स्थलों पर की गई मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणेश पूजा उत्सव व अन्य धार्मिक पर्वो के मद्दे नजर नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत 6 स्थानों पर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था निगम द्वारा कराई गई है। निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने इस संबंध में एडीएम देवेन्द्र पटेल व एडिशनल एसपी व्हीके सिंह के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की तथा निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी निर्धारित स्थलों पर विसर्जन कुंड, आवश्यक प्रकाश व्यवस्था, बेरीकेटिंग, व साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए।

यहां उल्लेखनीय है कि निगम क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक पर्वों पर स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर विसर्जन स्थलों को चिन्हाकित करते हुए वहां पर विसर्जन की आवश्यक व्यवस्थाएं प्रतिवर्ष कराई जाती है। इस वर्ष भी निगम द्वारा निगम क्षेत्र अंतर्गत 6 विसर्जन स्थलों का निर्धारण किया गया है। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह इन सभी निर्धारित विसर्जन स्थलों में विसर्जन कुंड बनाएं एवं सुरक्षा के मद्देनजर वेरिकेटिंग कराए, उन्होंने विसर्जन स्थलों तक पहुंचने के लिए मार्ग की साफ सफाई, विसर्जन स्थल की साफ सफाई एवं पर्याप्त रूप से प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए है।

#### इन स्थानों पर होंगे विसर्जन

रबा जोनअंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 एस एल आर एम सेंटर के सामने स्थित रेट घाट, परिवहन नगर जोनान्तर्गत पंप हाउस नदी के किनारे, कोसाबाड़ी एवं रविशंकर नगर जोनांतर्गत डेगूर नाला छठ घाट, बालको जोन अंतर्गत बेलगरी नाला छठ घाट राम मंदिर के पास, दर्री जोन अंतर्गत प्रगति नगर सर्वेश्वर मंदिर के पास तथा सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत सर्वमंगला मंदिर के पास नदी घाट पर विसर्जन स्थल रहेंगे। निगम द्वारा क्षेत्र की समस्त पूजा समितियों, आयोजनकर्ताओ व श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि उक्त निर्धारित विसर्जन स्थलों पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करें।

## रेडक्रॉस चलाएगी ब्लड बैंक और दवा दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- जिला चिकित्सालय में रेडक्रास भवन का होगा निर्माण

रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा अपने विस्तार कार्यक्रम कार्यों की कड़ी में जिला चिकित्सालय परिसर में रेडक्रॉस ब्लड बैंक चलाने की तैयारी की है। इसके साथ ही 24 ग्रामीण अंचलों में जहां पीएचसी का संचालन होता है वहां जैनेरिक दवाईयों की दुकानों खोली जाएंगी ताकि आम लोगों को सस्ती दवाई सुलभ हो सके।

रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने बताया कि सोसायटी के द्वारा जिले में इसके कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। शहर के साथ उपनगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों तक इसकी सेवाओं का विस्तार करने का कार्य किया गया है। रेडक्रॉस सोसायटी का मुख्य उद्देश्य सस्ती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को रहा है और सोसायटी इस दिशा पर आगे भी कार्य कर रही है। नए सदस्य बनाए जा रहे हैं। अब तक 664 आजीवन संरक्षक, सहसंरक्षक एवं 54 सदस्य बनाए जा चुके हैं। वर्तमान में जिला चिकित्सालय एवं रानी धनराज कुंवर अस्पताल में दो दवा दुकानें चल रही है। जिनका अब उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा जैनेरिक दवाई खोले जाने का आदेश सोसायटी को दिया गया है। 24 स्थानों में जैनेरिक दवा दुकानें खोली जाएंगी। इसके कार्य शुरु हो गए हैं। कोई भी फार्मास्सिट बेरोजगार युवक रेडक्रॉस सोसायटी से संपर्क कर जैनेरिक दवा खोलने के लिए अपने आवेदन दे सकता है। श्री अग्रवाल ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी में यूथ रेडक्रॉस एवं जुनियर रेड क्रॉस के गठन का भी कार्य किया जाएगा। अब तक सोसायटी के द्वारा 24 स्थानों में कैंप लगाकर लोगों का उपचार किया गया है।

## उद्योग मंत्री पहुंचे वृद्धाश्रम बुजुर्गों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर परिसर स्थित प्रशांति वृद्धा आश्रम में नव दृष्टि समाज सेवी संस्था द्वारा गुरुवार को एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन आश्रम के 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग एवं आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी और महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थिति रही। आश्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए गोपाल मोदी ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना भगवान की सेवा करने के समान है। वे हमारे अनुभव और संस्कारों की धरोहर हैं। इस महान कार्य के लिए मैं नव दृष्टि समाज सेवा संस्थान को बधाई देता हूँ और यहां रह रहे सभी वृद्ध जनों के सुखद जीवन और दीर्घायु की कामना करता हूं। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, रामशंकर साहू, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, कृष्णा राठौर, उमेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बांकीमोंगरा में हुआ विभिन्न वार्डों का विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

शुक्रवार को जिले के नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा व अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में लगभग 1 करोड़ 30 लाख का विभिन्न वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। जिसमें वार्ड क्रमांक 3 मोंगरा बस्ती में स्थित मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय , शव जलाने का शेड , बाउंड्री वॉल का मरम्मत , पोस्टमार्टम कक्ष मरम्मत , सीसी रोड़, पानी के लिए बोरवेल , बिजली व्यवस्था व स्ट्रीट लाइट निर्माण कार्य के लिए डीएमएफ फंड से स्वीकृत राशि 30.25 लाख। वार्ड क्रमांक 13 कटाईनार में भोजली व छठ घाट निर्माण कार्य अधोसंरचना स्वीकृत राशि 40 लाख, वार्ड क्रमांक 15 प्रकाश जनरल स्टोर से जय माता दी ऑटो गैरेज कलवर्ट आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य अधोसंरचना स्वीकृत राशि 20.27 लाख, वार्ड क्रमांक 16 घुड़देवा में भोजली व छठ घाट निर्माण कार्य अधोसंरचना स्वीकृत राशि 40 लाख शामिल हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा, पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो, भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास, नेता प्रतिपक्ष मधूसुदन दास, विधायक प्रतिनिधि लख्खू शर्मा, नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत के समस्त वार्ड पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, ठेकेदार सहित अन्य उपस्थित थे।



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर संवादत्मक परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारतीय महाविद्यालय हरदीबाजार में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस पर परस्पर संवादत्मक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें खेलों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास में अप्रतिम महत्व को याद करके पूरे देश को स्वस्थ, सक्रिय तथा एकजुट समाज की तरफ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएम वैष्णव के अभिरक्षा एवं अवबोधन, महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. कार्तिकेश्वर दुबे के उद्देश्य परक नेतृत्व तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार दुबे की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए डॉ. दुबे ने बर्ष 2012 से मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन फील्ड हॉकी के सर्वकालिक महान खिलाड़ी, हॉकी के जादुगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम में रासेयो अखिलेश कुमार, हिमांशु कंवर, सुमन सोंधिया, हिंगलेश्वरी साहू, मोनू गुप्ता, अन्नूश्री राठौर एवं अन्य स्वयंसेवकों की भूमिका प्रशंसनीय रही।



## खबर संक्षेप

### मरार पटेल समाज के जिलाध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात




**कोरबा।** मरार पटेल समाज कोरबा के जिलाध्यक्ष उत्तम पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर मरार पटेल समाज की कार्यक्रम शाकम्भरी जयंती के अवसर पर मरार समाज की विकास के लिये मुलाकात कर कोरबा आने का नेवता दिया गया। मरार पटेल समाज की बैठक 31 अगस्त की सुबह 11 बजे सामाजिक भवन खरमोरा में आहुत कि गई है। जिसमें सामाजिक विषय पर चर्चा होगी। बैठक में समस्त सामाजिक स्वजन एवं कोरबा विकास समिति के पदाधिकारीगण शामिल होंगे।

### कैबिनेट मंत्री गुरु ख़ुशवंत साहेब से मिले युवामोर्चा महामंत्री



**हरदीबाजार।** कैबिनेट मंत्री व विधायक गुरु ख़ुशवंत साहेब से भाजपा युवा मोर्चा मंडल हरदीबाजार के महामंत्री निखिल राठौर ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री राठौर ने मंत्री श्री साहेब को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए निदान पर चर्चा की। साथ ही संगठन के संबंध में भी संक्षिप्त जानकारी मंत्री श्री साहेब को दी।

### हरदीबाजार अधिवक्ता संघ चुनाव शेखर ने चंद्रहास को दी मात



**कोरबा।** हरदीबाजार तहसील स्तर के अधिवक्ता संघ का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर देखने को मिली। कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता चंद्रहास राठौर को उसी पार्टी से जुड़े उनके गृहग्राम के शेखर भारद्वाज ने मात्र 7 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया। इस चुनाव में चंद्रहास राठौर पैनल को भारी निराशा हाथ लगी। पैनल के अधिकांश उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव परिणामों के अनुसार, सचिव पद पर लखन लाल राठौर, उपाध्यक्ष पद पर संतराम मरावी और चंद्रकांता राठौर, सह-सचिव पद पर रहइया लाल कौशिक, पुस्तकालय प्रभारी दीनदयाल बंजारे, क्रीड़ा सचिव भागवत पटेल, कोषाध्यक्ष रमेश कुर्रे विजयी घोषित हुए। कार्यकारिणी सदस्य पद पर लक्ष्मी प्रसाद सागर, नागेश्वर अहीर और कमलकांत साहू ने जीत दर्ज की। स्थानीय अधिवक्ता संघ चुनावों में इस बार मतदाताओं ने स्पष्ट रूप से बदलाव की भावना दिखाते हुए शेखर भारद्वाज के नेतृत्व में नए चेहरों को मौका दिया है। संघ के नए अध्यक्ष शेखर भारद्वाज ने अपने संबोधन में अधिवक्ताओं के हित में पारदर्शिता, सहयोग और विकास की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### करंट की चपेट...

कर्मी के परिजनों को मुआवजा राशि का वितरण नहीं किया गया है। मृतक सतीश अग्रवाल के साथ काम कर रहे साथी ठेका कर्मी लखन निर्मलकर ने बताया कि मृतक सतीश खम्भे पर चढ़ कर लाईन मरम्मत का कार्य कर रहा था, करंट लगने से खम्भे से गिर गया और मौके पर हि उसकी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग में लाइन का काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ठेका कर्मियों से ही लाइन मरम्मत का कार्य कराया जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि ठेका कर्मियों को सुरक्षा उपकरण भी मुहैया नहीं कराए जाते। यही वजह है कि आए दिन विद्युत मरम्मत कार्य के दौरान कर्मियों के मौत का मामला सामने आते रहता है।

## श्रीमद् भागवत कथा

# भगवान कृष्ण ने दिलाई मथुरा वासियों को कंश के अत्याचार से मुक्ति : आचार्य मृदुलकान्त



कथा श्रवण करते श्रोतागण एवं इनसेट में आचार्य मृदुलकान्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

बिलोटिया परिवार द्वारा दीनदयाल मार्केट स्थित पीलीकोठी में पितृमोक्ष गया श्राद्ध श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य मृदुलकान्त शास्त्री ने कंश वध व उद्धव प्रसंग के साथ साथ देवी रुक्मिणी के विवाह प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक बार मथुरा में कंश का आतंक बढ़ने लग जाता है सभी नगरवासी कंश के द्वारा किये जा रहे अत्याचार से भयभीत रहते हैं सभी देवता भी प्रभु से निवेदन करने लगे कि हे प्रभु मथुरा में कंश का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। कृपया इस कंश का वध कर मथुरा वासी को इसके आतंक से मुक्त करो तभी वो शुभ घड़ी आ जाती है मथुरा में कुश्ती युद्ध के लिए गोकुल में निमंत्रण आता है तब कन्हैया अपने भाई बलराम के साथ मथुरा नगरी पहुंच जाते हैं और योद्धाओं के साथ युद्ध होता है जब सभी योद्धा हार जाते हैं तब स्वय कंश कन्हैया से युद्ध करने के लिए आते हैं और कहते हैं कि हे बहरूपिया लगता है कि तेरी मृत्यु मेरे ही हाथों लिखी हुई है और एक ओर सभी देवता भी कंश को मृत्य का इंतजार कर रहे थे और दोनों के बीच युद्ध प्रारंभ होता है जिसमे प्रभु के हाथों कंश का वध हो जाता है और जैसे ही कंश का वध होता है स्वर्ग लोक के सभी देवता प्रभु के ऊपर पुष्प की वर्षा करने लगते हैं। इसके पश्चात रुक्मणि कृष्ण विवाह पर कहा कि राजा भिसमत के यहां रुक्मिणी लक्ष्मी के रूप में प्रकट हुई राजा शिशुपाल के साथ विवाह निश्चित हुआ नारद ने बताया कि आपका पाणिग्रहण संस्कार द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के साथ निश्चित है तब रुक्मिणी ने भगवान श्री कृष्ण को पत्र लिखा। भगवान श्री कृष्ण अपने रथ में कुंदनपुर आते व इसी बीच देवी रुक्मिणी देवी पूजा के लिए जाती है तभी भगवान श्री कृष्ण रुक्मिणी को रथ में बैठाकर द्वारिका की ओर ले जाते हैं इतने में शिशुपाल अपनी अक्षणि सेना लेकर आते हैं लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसकी आधी दाढ़ी व आधी मुछ काट देते हैं तभी रुक्मिणी भगवान से प्रार्थना करती है कि ये मेरा भाई है इसको छमा कर दो व रुक्मिणी व श्री कृष्ण द्वारिका चले जाते हैं। ब्राम्ह जी ने बाद में रुक्मिणी व श्री कृष्ण का विवाह कराते हैं।

# कामनाओं का त्याग कर कर्म करना ही सन्यास है : पं. मेहता



कथा का श्रवण करते श्रोतागण।



कथा वाचक पं. विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मृत्यु से कोई नहीं बच पाया, जो आया है, वह एक दिन जाएगा ही। मृत्यु से न ईश्वर बचा, तो मानव की क्या विसात। महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ, हस्तिनापुर विरान हो गया, चारों तरफ सन्नाटा बिखरा पड़ा था। कौरव वंश समाप्त हो गया, महल में गांधारी और धृतराष्ट्र अपनी जिंदगी का आखरी पल बिता रहे थे। कृष्ण उनसे मिलने आए, दिल में आग भभक रही थी, गांधारी के मूंह से श्राप निकला- कृष्ण तुमने मेरा वंश खत्म कर दिया और हमें तड़प-तड़प कर मरने के लिए छोड़ दिया, तुम भी जब मरोगे, तो सिर्फ अकेले रहोगे, तुम्हारा वंश भी खत्म हो जाएगा।

उद्धव को भगवत गीता का ज्ञान देकर कृष्ण ने कहा-तुम जाओ, मेरे स्वधाम गमन का समय आ गया है और वे वहां से जंगल की ओर निकल पड़े। मृत्यु के समय भगवान चिंतन करने लगे और एक पीपल के पेड़ में टिक कर सब सोचने लगे, तभी सामने जंगल में हलचल हुई और बाण से तीर कृष्ण के शरीर पर लगा। जरा नामक शिकारी जंगल की ओर शिकार करने आया था और तीर कृष्ण को लगी। तीर लगते ही शिकारी, शिकार के पास आया और देखा तो पश्चाताप करने लगा और भगवान के श्रीचरणों में गिर पड़ा। भगवान कृष्ण ने कहा-ये तुम्हारी गलती नहीं, यह नियति और कर्म का खेल है। जो यहां आया है, उसे एक दिन जाना है। यह मार्मिक कथा पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता के श्रीमुख से निकली करूण कथा थी, जिसे सुनकर श्रोतागण भावुक हो गए। इसके पूर्व कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने उद्धव-कृष्ण का प्रसंग सुनाया और कृष्ण ने जीवन के जो यथार्थ को उद्धव को सुनाया था, कथा वाचक ने संक्षिप्त में श्रोतागणों को सुनाया। कृष्ण ने उद्धव से कहा-सन्यास के लिए भगवा वस्त्र पहनना जरूरी नहीं, जो कामनाओं का त्याग कर कर्म करता है, वही सन्यास है। पंडित मेहता ने कहा कि मानव जीवन में संकट और परेशानियां आएंगी और इनका हल भी स्वयं के पास होता है। सुख के पल कब चले जाते हैं, पता नहीं चलता, लेकिन संकट का एक-एक पल युग जैसा लगता है। उन्होंने कहा कि परीक्षित को कथा सुनाते समय भगवान के स्वधाम गमन के बाद कलयुग की विशेषताएं भी शुकदेव ने बताई और कहा कि जो भ्रष्ट हैं, उन्हें ऊंची सत्ता मिलेगी और जो ईमानदार हैं, उन्हें रेगिस्तान जैसा जीवन जीना पड़ेगा। न्यायालय में जो पैसा खर्च नहीं कर पाएगा, उसे न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा-दूसरों पर दोष न ढूंढ़ें, स्वयं के दोष के देखें और उसे दूर करने का प्रयास करें, तो यह संसार सुखमय लगेगा, यही जीवन का सार है।

# जीवन को सरल और सहज बनाना ही उत्तम आर्जव धर्मः अखंडमति माता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आर्वज स्वभावी आत्मा के आश्रय से आत्मा में छल-कपट, मायाचार के अभाव रूप, शांतिस्वरूप जो पर्याय प्रकट होती है, उत्तम आर्जव धर्म कहते हैं ।उत्तम आर्जव भी क्षमा और मार्दव धर्म के समान ही आत्मा का स्वभाव है। कपट से व्यक्ति पहले खुद की नजर में गिरता है फिर परिवार और समाज की नजर में। कुटिलता अधर्म है, इससे दूर रहकर जीवन को सरल और सहज बनाना ही उत्तम आर्जव है।



कार्यक्रम में उपस्थित जैन समाज के गणमान्य नागरिक।

उक्त बातें बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन धर्म के 10 लक्षणों को परिभाषित करने हेतु संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महाराज, आचार्य 108 समय सागर महाराज एवं आर्यिका रत्न 105 आदर्श मति माता के मंगल आशीर्वाद से आर्यिका रत्न 105 अखंड मतिमाताजी एवं आर्यिका रत्न 105 अभेदमतिमाता के सानिध्य में चातुर्मास के दौरान प्रदूषण पर्व पर जैन मंदिर में विराजमान है। उन्होंने अपने प्रवचन की दौरान बताया कि हमें हमेशा सरल परिणामी बनना है। छल-कपट, मायाचारी से बचना है ।जो दूसरों को छलता है, उसकी खुद की आत्मा में छाले पड़ जाते हैं। मायाचारी रहित जीवन ,कार्यो की सिद्धि में सफलता देता है ।छल-कपट करने वाला व्यक्ति पहले खुद की नजर में गिरता है और समय आने पर उसकी सच्चाई उसे परिवार की नजरों से भी गिरा देती है ।जब मन, सरल और पवित्र होता तो वाणी अपने आप पवित्र हो जाएगी और यही वाणी की पवित्रता तन को सुंदर बना देती है फिर उसे शरीर से मानव कल्याण की प्रत्येक कार्य में सफलता मिलती है। यही उत्तम आर्जव धर्म है। जैन मिलन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि उत्तम आर्जव धर्म का पालन तभी होता है ,जब व्यक्ति के अंदर जितनी अधिक सरलता होगी वह उत्तम आर्जव धर्म है।

# आरोग्यधाम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर नया बस स्टैंड के पास आरकेटीसी ग्रुप प्रायोजित एवं भजनका सेवा समिति द्वारा आरोग्यधाम पॉलीक्लिनिक का शुभारंभ 30 अगस्त को किया गया था। एक वर्ष पूरे होने पर संस्थान के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संस्था परिसर में ही किया जा रहा है। संस्था के द्वारा कम समय में ही जन-जन का विश्वास अर्जित किया है।

प्रेसक्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ बीबी बोर्ड ने बताया कि क्लीनिक में ध्येय सुलभ उपचार एवं निरंतर निःशुल्क सेवा, सामान्य दिनों में मात्र 20 में डॉक्टर परामर्श,स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र, पैथोलॉजी लैब की सभी जाँचें सामान्य बाज़ार दर से आधे से भी कम मूल्य पर मरीजों को सुविधा दी जा रही है। संस्था के द्वारा अब तक लगभग 12 हजार लोगों ने जांच कराई तथा 4 हजार से अधिक ने ओपीडी सुविधा का लाभ उठाया है। संस्था में पैथोलॉजी लैब की विशेष लैब जाँच सुविधाएं, शुगर, रक्त की मात्रा, यकृत, गुर्दा, थायरॉइड, लिपिड प्रोफाइल, विटामिन आदि लगभग 80 प्रकार की जाँच, शिविरों से हजार से अधिक लोग लाभान्वित। अनेक जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे वितरित किया जा चुका है। शनिवार को रक्तदान शिविर रक्तदाताओं को 1 वर्ष तक फ्री ओपीडी सुविधा प्रदान की गई थी। 30 अगस्त से 5 सितंबर तक शिक्षक सम्मान शिविर आयोजित की गई है। 1 से 30 सितंबर तक 50 वर्ष से अधिक आयु वालों हेतु प्रतिदिन शाम निःशुल्क नेत्र जाँच किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं हेतु सोमवार से शनिवार निःशुल्क परामर्श, प्रत्येक मंगलवार सभी नागरिकों के लिए फ्री ओपीडी किया गया है। आरोग्यधाम पॉलीक्लिनिक निरंतर यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सस्ती दरों पर और सुलभ तरीके से उपलब्ध हो सके।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते आरकेटीसी ग्रुप प्रायोजित एवं भजनका सेवा समिति के सदस्य।

# मुड़ापार कोरबी मार्ग कीचड़ से हुआ सराबोर, जिपं उपाध्यक्ष को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कोरबी मुड़ापार विकासखंड पाली के अंतर्गत प्रधान मंत्री सड़क योजना एजेंसी के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से सड़क बनाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा भूमिपूजन के बाद एक माह तक काम शुरू नहीं किया जब मानसून शुरू होने वाली थी, तब सड़क में मिट्टी डालकर पूरी सड़क को कीचड़युक्त बना दिया है आज वर्तमान में इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया है। स्कूल के बच्चों को कीचड़युक्त सड़क से में आना जाना करना पड़ रहा है। मरीज को हॉस्पिटल ले जाने के लिए एम्बुलेंस भी नहीं जा सकती ठेकेदार से संपर्क करने पर अपनी ऊंची पहुंच बताता है। इस मामले को स्थानीय विधायक को कई बार शिकायत की गई है उनके द्वारा भी बार बार अधिकारी को बोला गया फिर भी संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्कूली बच्चों ने इस समस्या को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जयसवाल के निवास पास पहुंचे थे, जिसपर उन्होंने सामान्य सभा की बैठक में रखने का आश्वसान दिया गया।

# टीपी नगर में ननि कर्मचारी ने किया कब्जा, की गई कार्रवाई

**अंबिकापुर।** शहर के टीपी नगर में नगर निगम की जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ननि ने कार्रवाई की है। ननि की उड़नदस्ता टीम ने मौके पर एक अवैध गुमटी को जब्त करने के साथ ही एक मकान व एक अहाता को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही भविष्य में अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बड़ी बात तो यह है कि जिन लोगों ने ननि की जमीन पर अतिक्रमण किया उसमें एक नगर निगम का कर्मचारी भी शामिल था। ऐसे में लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला।

बता दें कि शहर के टीपी नगर कदम पारा में नगर निगम की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था। सावित्री नाम की एक महिला ने अपने घर के बगल में ननि की जमीन पर अतिक्रमण कर एक कमरे का निर्माण कर लिया था। इसके साथ ही ननि के एक कर्मचारी द्वारा ननि की जमीन पर कब्जा करते हुए बाउंड्री



वाल का निर्माण करने के साथ ही शेड लगा लिया था। इस अवैध अतिक्रमण की शिकायत लोगों ने वार्ड पार्षद सलीम केरकेट्टा से की थी। पार्षद की पहल पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण कारियों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन लगातार तीन महीने तक चेतावनी दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। इसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति द्वारा रातो रात गुमटी लगाकर अतिक्रमण कर लिया था जिससे लोगों का आक्रोश भड़क उठा।




**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 1216 -/ब-121 / वर्ष 2024-25**
**ग्राम-रामपुर, प.ह.नं. 17**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका युगेश्वरी खूंटे पति त्रिलोचन खूंटे निवासी क्वा.नं. एनडी 69 सी.एस.ई.बी. कॉलोनी कोरबा पूर्व कोरबा तहसील कोरबा व जिला कोरबा (छ0ग0) द्वारा ग्राम रामपुर प0ह0नं0 17 रा.नि.मं. कोरबा, तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि (मसाहती ख0नं0 194/2, 194/6 रकबा 0.20, 0.10 एकड़) नवीन ख0नं0 703, 704 रकबा 0.080, 0.040 हे० भूमि ओम ट्रेडिंग कॉपोरेशन के नाम पर स्थित है। जिसमें भूखण्ड/भवन क. A-06 क्षेत्रफल 832 वर्गफीट को विक्रेता ओम ट्रेडिंग कॉपोरेशन बोधसिंह ठाकुर पिता अनिरूद्ध सिंह ठाकुर वगैरह निवासी कोरबा से पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 08/08/2012 के माध्यम से उक्त भूखण्ड/भवन क्र० A-06 क्षेत्रफल 832 वर्गफीट को क्रय करने पश्चात उक्त वर्णित ख0नं0 की भूमि के कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था /समिति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि. 03/09/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार- कोरबा (छ.ग.)**

**शपथपत्र**

मैं शालिनी वर्मा (Shalini Verma) पति श्री गौरव कुम्भकार, निवासी :- एस/15, पावर सिटी, अयोध्यापुरी, जेलगॉव चौक, शांति मोटर्स के पास, जमनीपाली, कोरबा जिला कोरबा छ.ग आधार क्रमांक 4355 7047 4819 शपथपूर्वक यह घोषणा करती हूँ कि :-

01. यह कि, मेरी पुत्री रूद्राक्षी कुम्भकार दिल्ली पब्लिक स्कूल एन.टी.पी.सी टाउनशिप, कोरबा (छ.ग) मे शैक्षणिक सत्र 2025-26 मे कक्षा 9वीं (नवमी) की नियमित विद्यार्थी है।
02. यह कि, विद्यालय में दाखिले के समय त्रुटिवश माता का नाम शालिनी वर्मा कुम्भकार (Shalini Verma Kumbhkar) दर्ज हो गया है ।
03. यह कि, माता का वास्तिविक नाम शालिनी वर्मा (Shalini Verma) है।
04. यह कि, त्रुटिपूर्ण नाम शालिनी वर्मा कुम्भकार (Shalini Verma Kumbhkar) एवं सही एवं वास्तविक नाम शालिनी वर्मा (Shalini Verma) एक ही व्यक्ति है। 05. यह कि, विद्यालय के सभी शैक्षणिक रिकार्ड मे सही एवं वास्तविक नाम शालिनी वर्मा (Shalini Verma) दर्ज किया जाए।

**शपथकर्ता**
**शालिनी वर्मा**
**(SHALINI VERMA)**






## जगह जगह विराजे विघ्नहर्ता




सिद्धिदात्री गणेश उत्सव बजरंग चौक बांकीमोंगरा। एमपी नगर नगर दुर्गा पंडाल।



गणेश उत्सव समिति बांकीमोंगरा।




सिद्धि विनायक गणेश उत्सव चेकपोस्ट महानदी कम्पलेक्स



एमपी नगर निगम कालोनी।



रविशंकर नगर।



शिवाजी नगर।



बलगी का राजा नवयुवक गणेश उत्सव समिति बलगी विराजे गणेश भगवान।



निहारिका गणेशोत्सव समिति महानदी काम्प्लेक्स में विराजे गणपति बप्पा।

### रेशम कृषि मेला सह मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम का आयोजन

# रेशम उत्पादन में छत्तीसगढ़ को लाना है पहले पायदान पर : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम का उद्देश्य आपको आधुनिक मशीनों के संबंध में जानकारी प्रदान करना, प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए आपको रेशम उत्पादन से जोड़ना ही नहीं है बल्कि आपकी आमदनी को बढ़ाना और आपको आत्मनिर्भर बनाकर प्रदेश और देश को आर्थिक प्रगति की राह में आगे ले जाना भी है। अभी रेशम उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे नंबर में है, इसे आप सभी के सहयोग से पहले पायदान पर ले जाना है।

**खास बात**

- किसानों को प्रोत्साहित करने उपमुख्यमंत्री ने डीएमएफ से 1 करोड़ रुपए की घोषणा

उक्त बातें नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने पाली ब्लाक में आयोजित रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने रेशम कृषि मेला सह मेरा रेशम, मेरा अभिमान, का छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को मील का पत्थर बताते हुए इसमे सभी की सहभागिता को आवश्यक बताया और किसानों के प्रशिक्षण तथा मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम के प्रगति के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से एक करोड़ रुपये देने की घोषणा करते हुए राज्य को रेशम उत्पादन में पहले नम्बर में लाने की अपील की। उन्होंने रेशम उत्पादन में आने वाली बाधाओं को दूर करने की बात कही। इसके लिए रेशम विभाग से जुड़े अधिकारियों को कार्यालय आकर समस्याओं को चिन्हित कराने कहा है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव सहित अन्य अतिथियों ने मेरा रेशम, मेरा अभिमान के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस दौरान उन्होंने रेशम कृषि मेले में आयोजित स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने आधुनिक स्तर पर उत्पादन में सहयोगी गतिविधियों को देखने के साथ ही किसानों से चर्चा भी की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रशिक्षण एवं रेशम उत्पादन से जुड़े हितग्राही श्रीमती सोनकुंवर बैगा, मुखीराम, शिवरात्रि, गनेश राम, रेशम बाई, सोमनाथ, शकुंतला यादव, कर्मा सिंह, रामकुमार, दिनेश पाल, कनकी दास, बरातू लाल सहित अन्य किसानों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि जिले में बड़ी मात्रा में रेशम का उत्पादन होता है। यह रेशम कीमती होने के साथ ही किसानों के आय का प्रमुख जरिया भी है। रेशम उत्पादन से बहुत से लोगों को रोजगार भी मिला है। पाली-तानाखार क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि जिले को पहचान पहले से ही रेशम के पटल पर विश्व विख्यात है। यहाँ से बड़ी संख्या में किसान जुड़े हुए हैं। मेरे रेशम, मेरा अभिमान स्थानीय किसानों के लिए लाभदायक होगा। कलेक्टर अजीत वसन्त ने कहा कि मेरा रेशम, मेरा अभिमान जैसे कार्यक्रम से आमनागरिको में जागरूकता आएगी और वे रेशम के महत्व को जानने के साथ इससे जुड़ेंगे। रेशम उत्पादन में वे किसान भी है जो समाज के कमजोर वर्ग से है। यह गतिविधि पूर्णतः पर्यावरण अनुकूल है,जो सतत विकास के लिए लाभदायक है।



रेशम कृषि मेला में हितग्राही को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री अरुण साव व अन्य।

# वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर डायल 112 के चालकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डायल 112 सेवा में तैनात चालकों ने वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेक मोर्चा खोल दिया है। चालकों ने प्रशासन व प्रबंधन से मांगों को पूरा करने की मांग रखी है। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

डायल 112 के चालकों का कहना है कि वर्ष 2016-17 से सीजी डायल 112 एबीपी ट्रैवेल्स फैसिलिटी मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत हैं और 16 अगस्त 2018 से बतौर वाहन चालक लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बावजूद इसके आज तक उन्हें न तो उचित वेतन मिला और ना ही शासन-प्रबंधन से कोई सुविधा। चालकों ने बताया कि सात साल की लंबी सेवा के बाद भी उनका वेतन मात्र 8200 रुपये मासिक है। इससे पहले उन्हें 7435 रुपये मिलते थे, यानी इतने वर्षों में केवल 765 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। वेतन इतना कम है कि परिवार का भरण-पोषण करना बेहद मुश्किल हो गया है। साथ ही उन्हें न तो ओवरटाइम का पैसा मिलता है, न वर्दी-जूता-रेनकोट जैसी सुविधाएं, और न ही किसी तरह का वार्षिक बोनस। चालकों की मांग है कि चालकों को नियमित व साविलियन किया जाए। शासन नियमानुसार वेतन वृद्धि, वेतन स्लिप व वेतन भुगतान की निश्चित तिथि तय हो। वर्ष 2019 से अब तक का बकाया वेतन वृद्धि व त्योहार बोनस दिलाया जाए। ओवरटाइम राशि, वर्दी, जूता, रेनकोट, मेडिकल किट समय पर उपलब्ध कराई जाए। दुर्घटना की स्थिति में शासन की ओर से विभागीय सहायता व सुरक्षा गारंटी दी जाए।



आंदोलन करते डायल 112 के चालक।

# बालको व कटघोरा में गांजा बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी।

जिले में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कटघोरा पुलिस ने बिंझरा धोबी मोहल्ला निवासी दुष्यंत जायसवाल 36 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने एक सफेद प्लास्टिक बोरी में झिल्ली के अंदर भरा 330 ग्राम गांजा जिसकी कीमत लगभग 3 हजार 300 रूपये है बरामद किया है। दुष्यंत जायसवाल के खिलाफ पुलिस ने धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह बालको पुलिस ने बालको चेकपोस्ट निवासी बीर लाल 62 वर्ष को गिरफ्तार किया है। बीरलाल के पास से पुलिस ने एक चिलम, माचिस और सात छोटे पैकेटों में रखा कुल 10.5 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

### पुलिस व महिला समूह ने जब्त किया अवैध शराब



पाली ब्लॉक के ग्राम बड़ेबांका में पुलिस एवं ग्राम के महिला समूह के द्वारा बड़ी मात्रा में शराब के डब्बले व पाश बरामद किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से नील, रमेश कश्यप, आत्माराम कंवर, नीलेंद्र तंवर, अनीता जगत, महिला समूह में मुख्य रूप से धन कुंवर, गीता बाई, राज कुंवर, पुरुष में मुख्य रूप से लायन दास, कन्हैया, पूर्व जनपद सदस्य चतुरदास इंद्रपाल सहित अन्य लोगों शामिल रहे। गांव के मुखिया लायन दास के द्वारा फिर गांव में बैठक कर समझाइए दी गई की कोई भी व्यक्ति शराब बनता है तो उसे दंड दिया जाएगा। शराब की इस खेप को गांव के प्राथमिक शाला में जमीन खोदकर छुपाया गया था, जिसे फिर महिला समूह एवं पुलिस द्वारा नष्ट किया गया।

# हाथियों के झुंड ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 52 हाथियों के झुंड ने किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन मंडल कटघोरा में 52 हाथियों का झुंड पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। इनमें से 44 हाथी खेतों में पहुंच गए। ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने के लिए पटाखे फोड़े और आग जलाई। इसके बाद हाथियों का झुंड खेतों से निकलकर सड़क पार कर जंगल की ओर चले गए। वर्तमान में 44 हाथी कोरबा के आसपास और 8 हाथी पसान रेंज में घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, झुंड में नन्हे शावक होने के कारण हाथी गांव के आसपास नहीं जा रहे हैं। हाथियों का झुंड दिन में साल्ही पहाड़ में रहता है और शाम होते ही भोजन की तलाश में खेतों में पहुंच जाता है। बांगो बांध का डुबान क्षेत्र नजदीक होने के कारण हाथी इस क्षेत्र में अधिक समय बिता रहे हैं। चोटिया-चिरमिरी मार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा है। हाथियों के सड़क पार करने के दौरान लोग वीडियो बनाने के लिए सड़क किनारे खड़े हो जाते हैं। पिछले दो दिनों में हाथियों ने लगभग 50 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। चिल्का वन विभाग सर्वे करा रहा है और किसानों को सहायता राशि देने की कार्रवाई कर रहा है। रेंजर अभिषेक दुबे के अनुसार, वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है।

# बालको ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों के सपनों को दिया पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में युवा खिलाड़ियों के जोश और उमंग से गूंजता वातावरण, आज पूरे अंचल की खेल प्रतिभाओं के सपनों का केंद्र बन चुका है। नगर निगम के सहयोग से वेदांता समूह की कंपनी बालको द्वारा संचालित यह स्टेडियम अब बहु-खेल प्रशिक्षण केंद्र का रूप ले चुका है, जहां युवा खिलाड़ी अभ्यास सत्र के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इस बदलाव के केंद्र में है खेल अकादमी जिसकी शुरुआत अगस्त 2024 में 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों (10 बालक और 10 बालिकाएँ) के चयन के साथ हुई थी। आज यह अकादमी 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 100 से अधिक रेजिडेंशियल और डे-बोर्डिंग खिलाड़ियों का प्रशिक्षण केंद्र बन चुकी है। यहाँ फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और तैराकी जैसे खेलों में खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ कोचिंग के साथ तैयार किया जा रहा है। अकादमी का ध्येय है के ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना, जहाँ से खिलाड़ी न केवल खेल में उत्कृष्ट हों बल्कि आत्मविश्वासी और सशक्त व्यक्तित्व के रूप में भी विकसित हों। अकादमी की प्रशासक सुश्री नेहा पांडे ने कहा कि बालको का लक्ष्य हमेशा से खिलाड़ियों में अनुशासन, मेहनत और सर्वांगीण विकास की भावना को मजबूत करना रहा है। आज हमारे खिलाड़ी जिस तरह प्रगति कर रहे हैं, उससे यह सपना धीरे-धीरे हकीकत बनता नजर आ रहा है। अकादमी के खिलाड़ी पहले ही जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। फुटबॉल खिलाड़ी बिशाल साव और निखिल बरेठ ने छत्तीसगढ़ राज्य टीम में स्थान बनाया, वहीं वॉलीबॉल टीम ने जिला एवं संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी दिलीप यादव ने कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करना केवल सपना नहीं, बल्कि हर सुबह की मेहनत और समर्पण का फल है। खेल अकादमी की जर्सी पहनकर खेलने का गौरव मुझे अपने खेल सफर पर और विश्वास दिलाता है। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी श्रेयांश साहू बोले कि हर अभ्यास हमें बेहतर बनाता है। जिला चैम्पियनशिप जीतने से हमारे मन में यह विश्वास जगा कि हम राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। खेल अकादमी की बेटियों ने भी हर खेल में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। लड़कियों की फुटबॉल टीम ने जिला स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर अभद्र टिप्पणी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिले के भाजपाइयों ने इस मामले को लेकर जमकर प्रदर्शन किया और कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपाई राहुल गांधी के फोटो वाली तख्तियां हाथ में लेकर नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान भाजपा की महापौर सहित पार्षद और मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपाइयों का आरोप है कि पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई है, इसे लेकर कार्यकर्ता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ हमलावर हो गए हैं। जिले में भी छोटे से बड़े भाजपा कार्यकर्ता इस मामले को लेकर अपनी अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर भी व्यक्त कर रहे हैं। सभी एक इमेज सोशल मीडिया पर शेयर कर विरोध दर्ज करा रहे हैं। प्रदर्शन करने पहुंची महापौर संजू देवी राजपूत का कहना है कि बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ टिप्पणी की गई है, यह बेहद अपमानजनक है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम संदेश देना चाहते हैं कि अगर वह ऐसा करेंगे तो हम सभी सड़क पर उतर आएंगे। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता आक्रोशित है, महिलाएं काफी गुस्से में हैं, बिहार की धरती को सीता माता की धरती के तौर पर पूजा जाता है और वहां इस तरह की टिप्पणी बेहद दुखद है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, मनोज लहरें, डीलेंद्र यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला खनिज न्यास सदस्य एवं पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, एमआईसी सदस्य अजय चंद्रा, हितानन्द अग्रवाल, धन्कुमारी गर्ग, ममता यादव, फिरत राम साहू, पार्षद यूगल किशोर कैवर्त, लक्ष्मण श्रीवास, चंद्रलोक सिंह, पंकज देवांगन, उपेंद्र पटेल, राधा महंत, सम्मत कुंवर, प्रीति दिनेश वैष्णव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, आरती लखन सिंह, रूबी देवी, चेतन मैत्री, किशन केवट, लक्की नंदा, मीडिया सह प्रभारी पवन सिन्हा, सरजू अजय सहित महिला मोर्चा की बहनें, एमएमआईसी सदस्य और बड़ी संख्या में पार्षद उपस्थित रहे।



प्रदर्शन के दौरान महापौर संजूदेवी राजपूत व पार्षद नरेंद्र देवांगन व अन्य।

### कांग्रेस को जनता देगी जवाब: हितानंद

भाजपा नेता हितानंद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिन रात देश सेवा में लगे हुए हैं। वह पूरे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं और उनके नेतृत्व में देश उतरोतर प्रगति कर रहा हैं। उनके विषय में कांग्रेस द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी अत्यंत दुखद और आपत्तिजनक है, कांग्रेस को देश की जनता जवाब देगी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा आरीफ खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना और उनकी माता का अपमान करना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है।

### भाकपा ने की नाली निर्माण की रखी मांग

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा एवं प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा कर न्यू मानसनगर पानी टंकी में सड़क किनारे नाली निर्माण की मांग की है। दरअसल 15 साल पहले सड़क का निर्माण किया गया था, पर नाली नहीं बनायी गई थी। जिसके कारण लोगों को घरों के पानी निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नहीं होने के कारण कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है। गली में किसी की निजी जमीन नहीं है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




